e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01/2022........1959

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्रमण्डलीय आयुक्त,
पटना/मुंगेर/कोशी/पूर्णियाँ/
भागलपुर/मगध/तिरहुत

पटना, दिनांक :–5/8/2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण कार्यरत जिलों में बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं विशेष सर्वेक्षण से संबंधित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आप अवगत है कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में आपके प्रमण्डल अंतर्गत विभिन्न जिलों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। वर्त्तमान समय में विशेष सर्वेक्षण कार्य को ससमय पूरा किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है एवं इसे ससमय पूरा करने के उद्देश्य से निरंतर उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही है। विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलों में पदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मी के संबंध में विभिन्न सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि जिला स्तर पर बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी जिला में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों की नियमित रूप से उपस्थिति नहीं रहने के कारण विशेष सर्वेक्षण के अनुश्रवण का कार्य बाधित होता है।

अतः अनुरोध है कि अपने प्रमण्डल अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलों में पदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के नियमित उपस्थिति की समीक्षा अपने स्तर से करते हुए आवश्यकतानुसार पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ताकि सरकार एवं विभाग को अवगत कराया जा सके।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 4/7/22
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01/2022........1959........**पटना, दिनांकः** 5/8/2022

प्रतिलिपि : समाहर्त्ता, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01 / 2022..........1959..........पटना, दिनांकः 4/8/2022

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01 / 2022..........1959..........पटना, दिनांकः 4/8/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे–01 / 2022..........1959..........पटना, दिनांकः 4/8/2022

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 28/7/22

भू–अभिलेख एवं परिमाप